पंजाब केसरी
SUN,27 OCTOBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# ज्ञान प्रदान करता है वास्तविक सशक्तिकरण : प्रो. सुदेश




*12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रैंस 2024 के प्रतिभागी अतिथियों के साथ।* (अरोड़ा)

## 3 दिन की 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रैंस-2024 का समापन

गोहाना, 26 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग तथा नैशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफैशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एन. ए. पी. एस. डब्ल्यू. आई.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रैंस-2024 का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि ज्ञान हमें वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करता है।

देश की युवा शक्ति की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें समाज कार्य के लिए प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पर वी.सी. ने बल दिया। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर महिलाओं को समाज में वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल करनी होगी।

बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्नोलॉजी एंड मैनेजमैंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक पहुंचे। उन्होंने भारत में महिलाओं के सामुदायिक विकास पर भी चर्चा की।

विशिष्ट वक्ता डॉ. राजेश टंडन ने कि सशक्तिकरण ताकत एवं पद के साथ आता है। सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

समापन सत्र में डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. मंजू पंवार, प्रो. आर.पी. त्रिवेदी, प्रो. अनूप भारतीय, प्रो. रवि भूषण, प्रो. संजय भट्ट, डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञान प्रदान करता है वास्तविक सशक्तिकरण : प्रो. सुदेश

3 दिन की 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 का समापन

**गोहाना मुद्रिका न्यूज, 26 अक्तूबर :** बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एन.ए.पी.एस.डब्ल्यू.आई.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने की उन्होंने कहा कि ज्ञान हमे वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करता है। देश की युवा शक्ति की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें समाज कार्य के लिए प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पर वी.सी. ने बल दिया। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर महिलाओं को समाज में वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल करनी होगी।

बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक पहुंचे। उन्होंने भारत में महिलाओं के सामुदायिक विकास पर भी चर्चा की।

विशिष्ट वक्ता डॉ. राजेश टंडन ने कि सशक्तिकरण ताकत एवं पद के साथ आता है।सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

समापन सत्र में डॉ दीपाली माथुर, डॉ मंजू पंवार, प्रो आर.पी. त्रिवेदी, प्रो. अनूप भारतीय, प्रो रवि भूषण, प्रो. संजय भट्ट, डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहनलाल आदि उपस्थित रहे।

# यूनिफेस्ट 2924 की ओवरऑल ट्रॉफी बी.पी.एस. ने जीती




**गोहाना मुद्रिका न्यूज, 26 अक्तूबर :** बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मुरथल के ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव - यूनिफेस्ट 2024 की ओवरऑल ट्रॉफी महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग को मिली है।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आई.एच.एल. की प्रतिभागी टीम एवं स्टाफ सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वी.सी. ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की प्रतिभा को तराश कर आगे लाने के लिए युवा महोत्सव एक बेहतरीन मंच का कार्य करता है। साथ ही, इस प्रकार के आयोजन विचार साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

युवा और सांस्कृतिक मामलों की निदेशक डॉ सुषमा जोशी ने बताया कि आई.एच.एल. की टीम ने जनरल डांस, नाटक, क्ले मॉडलिंग, गीत, वेस्टर्न सांग, लिस्ट आउट वेस्ट, माइम, कोलाज मेकिंग, हिंदी वाद-विवाद, इंग्लिश डिबेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कोरियोग्राफी, रंगोली, ग्रुप सांग जनरल, उर्दू कविता, हरियाणवी गीत, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, स्किट, कार्टूनिंग, मिमिक्री, एलोकेशन आदि विधाओं में भी आई.एच.एल. की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रा श्रुति को बेस्ट स्पीकर तथा तानसी को बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिला।

इस अवसर पर आई.एच.एल. की प्राचार्या डॉ वीना, डॉ सुमन, डॉ श्रीलेखा, डॉ अनीता अटवाल एवं संदीप सहित प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित रही।

Play / Stop Audio

# समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस संपन्न









खानपुर कलां, गिरीश सैनी। बदलते वक्त के साथ उच्च शिक्षण संस्थाओं की समाज कार्य में भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ज्ञान हमे वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करता है। ये उद्गार भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।

कुलपति प्रो सुदेश ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विशेष तौर पर महिलाओं को समाज में वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल करनी होगी। उन्होंने देश की युवा शक्ति की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें समाज कार्य के लिए प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पर बल दिया। कुलपति प्रो सुदेश ने इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए समाज कार्य विभाग को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

महिला विवि के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्लयूआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक ने समाज कार्य शिक्षा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत में महिलाओं के सामुदायिक विकास पर भी चर्चा की। विशेष वक्ता के रूप में प्रिआ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजेश टंडन ने सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर अपने संबोधन में कहा कि सशक्तिकरण ताकत एवं पद के साथ आता है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक पर भी अपने विचार रखे।




प्रारंभ में संयुक्त आयोजन सचिव डॉ दीपाली माथुर ने स्वागत संबोधन किया। तत्पश्चात आयोजन सचिव एवं समाज कार्य विभागाध्यक्षा डॉ मंजू पंवार ने इस तीन दिवसीय सम्मेलन की गतिविधियों की रिपोर्ट साझा की। एनएपीएसडब्लयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो आर.पी. त्रिवेदी ने सफल आयोजन के लिए महिला विवि की कुलपति प्रो सुदेश एवं आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। एनएपीएसडब्लयूआई के कार्यकारिणी सदस्य प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण, प्रो. संजय भट्ट, डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहनलाल, लूसी सहित देश भर से आए प्रतिभागी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

Tags: Indian Social Work Conference | role of social work

RELATED POSTS

हिंदू शिक्षण संस्थान में याद किया संस्थापक डॉ मंगल सैन...

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में मनाया दीवाली पर्व

किसानों पर एफआईआर, प्रतिबंध लगाने की बजाय पराली समस्या...

COMMENTS

Name

Email

Comment

I'm not a robot

Post Comment




POPULAR POSTS

Weekly Posts

CM bats for incentives for industry of Punjab at par with...

Stress-free Academic, Research and Extension environment...

Viren plots Pushpa's death in Sony SAB's 'Pushpa Impossible'

Rotary gifts 30 computers to city government schools

Indian Overseas Bank strengthens vigilance awareness campaign...

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS

Opinion
Wayanad has realised BJP will pave path to development:...

FairPoint: An Indian gets a RAW mask that US wants

The Third Eye: National security is a multi-dimensional...

Gurdas Maan: Punjabi music will never lose its connection...

Can video games help relieve post-traumatic stress symptoms?

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

# छात्रा श्रुति को बेस्ट स्पीकर तथा तानसी को बेस्ट एक्टर का मिला अवार्ड

गोहाना, 26 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में के ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव-यूनिफेस्ट 2024 की ओवरऑल ट्रॉफी महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग को मिली है। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आई.एच.एल. की प्रतिभागी टीम एवं स्टाफ सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। युवा और सांस्कृतिक मामलों की निदेशक डॉ सुषमा जोशी ने बताया कि आई.एच.एल. की टीम ने जनरल डांस, नाटक, क्ले मॉडलिंग, गीत, वेस्टर्न सांग, लिस्ट आउट वेस्ट, माइम, कोलाज मेकिंग, हिंदी वाद-विवाद, इंग्लिश डिबेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कोरियोग्राफी, रंगोली, ग्रुप सांग जनरल, उर्दू कविता, हरियाणवी गीत, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, स्किट, कार्टूनिंग, मिमिक्री, एलोकेशन आदि विधाओं में भी आई.एच.एल. की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया।

अजीत समाचार
27-Oct-2024
Page: 11
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20241027/27/11/1_1.cms



वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. सुदेश एवं आयोजक मंडल।

# 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024, सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का समापन

गोहाना, 26 अक्तूबर (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्ल्यूआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए समाज कार्य विभाग को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक ने समाज कार्य शिक्षा पर अपने विचार सांझा किए। विशेष वक्ता के रूप में प्रिआ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजेश टंडन ने सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर बल दिया। एनएपीएसडब्ल्यूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो आर.पी. त्रिवेदी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश एवं आयोजक मंडल का हार्दिक आभार व्यक्त किया। सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

अजीत समाचार
27-Oct-2024
Page: 5
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
http://www.ajitsamachar.com/20241027/27/5/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 27.10.2024 - 27 Oct 2024 - Page 4

# सामाजिक सशक्तिकरण में महिलाएं आगे आएं : सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्लयूआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि बदलते वक्त के साथ उच्च शिक्षण संस्थाओं की समाज कार्य में भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। देश की महिलाओं को समाज में वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल करनी होगी। बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक ने समाज कार्य शिक्षा पर अपने विचार साझा किए।



गोहाना। वक्ता को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो . सुदेश।

# युवा महोत्सव की ओवरऑल विजेता टीम का किया स्वागत

## इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की टीम ने जीती ओवरऑल टॉफी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोहाना। मुरथल के ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव यूनिफेस्ट 2024 की ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर संस्थान में पहुंची बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (आईएचएल) की टीम का स्वागत किया गया।

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईएचएल की प्रतिभागी टीम व स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। युवा और सांस्कृतिक मामलों की निदेशक डॉ. सुषमा जोशी ने बताया कि आईएचएल की टीम ने जनरल डांस, नाटक, क्ले मॉडलिंग, गीत, पश्चिमी संगीत, आउट ऑफ वेस्ट, माइम, कोलाज बनाओ प्रतियोगिता, हिंदी व अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोरियोग्राफी, रंगोली, समूह नृत्य जनरल, उर्दू कविता, हरियाणवी गीत, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी समूह नृत्य डांस, हरियाणवी एकल नृत्य, स्किट, कार्टूनिंग, मिमिक्री, एलोकेशन में भी आईएचएल की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रा श्रुति को सर्वश्रेष्ठ वक्ता व तानवी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान संस्थान की प्राचार्य डॉ. वीना, डॉ. सुमन, डॉ. श्रीलेखा, डॉ. अनीता अटवाल व संदीप सहित अन्य छात्राएं मौजूद रहीं।




बीपीएस महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की छात्राएं महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश एवं अन्य के साथ। स्रोत : संस्थान

### श्रुति को वक्ता व तानवी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

# महिलाओं को करनी होगी वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल: कुलपति

**चेतना संवाददाता। खानपुर कलां।**

बदलते वक्त के साथ उच्च शिक्षण संस्थाओं की समाज कार्य में भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ज्ञान हमे वास्तविक सशक्तिकरण प्रदान करता है। ये उद्गार भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने 12वीं इंडियन सोशल वर्क कॉन्फ्रेंस 2024 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।

कुलपति प्रो सुदेश ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विशेष तौर पर महिलाओं को समाज में वास्तविक सशक्तिकरण और सार्थक बदलाव की पहल करनी होगी। उन्होंने देश की युवा शक्ति की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें समाज कार्य के लिए प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पर बल दिया। कुलपति प्रो सुदेश ने इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए समाज कार्य विभाग को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




महिला विवि के समाज कार्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया (एनएपीएसडब्ल्यूआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का समापन सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण में समाज कार्य की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। बतौर मुख्य वक्ता, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, उड़ीसा की कुलपति प्रो. सुप्रिया पटनायक ने समाज कार्य शिक्षा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत में महिलाओं के सामुदायिक विकास पर भी चर्चा की।

पंजाब केसरी
SUN,27 OCTOBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# यूनिफैस्ट-2024: महिला विश्वविद्यालय ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

गोहाना, 26 अक्तूबर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मुरथल के ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव - यूनिफैस्ट-2024 की ओवरऑल ट्रॉफी महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग को मिली है।

महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आई.एच.एल. की प्रतिभागी टीम एवं स्टाफ सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वी.सी. ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कि छात्राओं की प्रतिभा को तराश कर आगे लाने के लिए युवा महोत्सव एक बेहतरीन मंच का कार्य करता है। साथ ही इस प्रकार के आयोजन विचार सांझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

युवा और सांस्कृतिक मामलों की निदेशक डॉ. सुषमा जोशी ने बताया कि आई.एच.एल. की टीम ने जनरल डांस, नाटक, क्ले मॉडलिंग, गीत, वैस्टर्न सांग, लिस्ट आऊट वेस्ट, माइम, कोलाज मेकिंग, हिंदी वाद-विवाद, इंगलिश डिबेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कोरियोग्राफी, रंगोली, ग्रुप सांग जनरल, उर्दू कविता, हरियाणवी गीत, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, स्किट, कार्टूनिंग, मिमिक्री, एलोकेशन आदि विधाओं में भी आई.एच.एल. की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रा श्रुति को बैस्ट स्पीकर तथा तानसी को बैस्ट एक्टर का अवार्ड मिला।



*यूनिफैस्ट-2024 में जीते गए पुरस्कारों के साथ बी.पी.एस. की छात्राएं।* (अरोड़ा)

इस अवसर पर आई.एच.एल. की प्राचार्या डॉ. वीना, डॉ. सुमन, डॉ. श्रीलेखा, डॉ. अनीता अटवाल एवं संदीप सहित प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित रहीं।